तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024

12 लोक सुनवाई में माइंस खोलने का हुआ विरोध



12 शीतल का अग्निवीर में चयन ग्रामीणों ने किया स्वागत





## खबर संक्षेप

### रबी फसल के लिए किसानों को बांटा गया ऋण



**बलौदाबाजार।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सकरी में कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में मंगलवार को रबी फसल के लिए कृषक भगवानी राम साहू, गिरवर वर्मा , गजाधर साहू को 0 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष नेतराम साहू, तकनीकी प्रबंधक रामनारायण यादव, समिति प्रबंधक पितम्बर साहू एवं कृषक मित्र खिलेश्वर साहू, जयराम साहू उपस्थित थे।

### कराते स्पर्धा में समृद्धि ने जीता रजत पदक



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई स्थित कन्या महाविद्यालय में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही समृद्धि साहू 8 वर्ष ने +30 KG कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर अपने प्रशिक्षक एवं माता पिता का नाम रौशन किया। समृद्धि साहू ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने कराटे प्रशिक्षक ऋषभ चौहान एवं टीम जिसमे चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी भाटापारा के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सचिव नेमीचंद साहू, कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे, सह सचिव हर्ष देवांगन, धनंजय पांडे, महेश राजपूत, गौरव साहू, विपिन साहू, प्रतीक द्विवेदी, पंकज चंदेल, यशवंत साहू, मनीष दास महंत को दिया। बलौदाबाजार जिला से नेतृत्वकर्ता के रूप में जिलाधिकारी बनकर चैंपियन मार्शल आर्ट एवं जिला कराटे संघ के सचिव ऋषभ सिंह चौहान के अगुवाई में जिला के बच्चों ने प्रतियोगिता में शामिल हुए।

### कलेक्टर ने दो अपराधियों को किया जिला बदर

**बलौदाबाजार।** पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर दीपक सोनी ने दो अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किया है। जिला बदर होने वालों में संतोष कुमार पाड़े पिता बुधराम पाड़े, ग्राम कुकुराचुंदा थाना हथबंद एवं कृष्णा उर्फ सोनू चतुरे पिता उमाशंकर चतुरे ग्राम व थाना हथबंद शामिल हैं। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत की गई है। इ इसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर–चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है।

### बोर खुदाई की बात को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जाड़ामुडा में नल-जल योजना का बोर खुदाई कराने की बात पर विवाद के बाद मारपीट की खबर सामने आई है। जाड़ामुडा निवासी निराकार प्रधान ने पुलिस को बताया कि वह 3 दिसंबर को सुबह करीबन 11 बजे मनोहर प्रधान के साथ खेत तरफ गया था तो देखा कि अशोक प्रधान मनोहर के खेत के आने-जाने के रास्ता में नल जल योजना का बोर खुदाई करा रहा था निराकार और मनोहर ने कहा नल जल योजना का बोर खोदाई किसी और स्थान के नाम से आया है और मनोहर के खेत के आने जाने के रास्ता में खुदाई कर रहे हो, इतने में अशोक आवेश में आकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये पास में रखे डंडा से मारपीट किया।

# सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं की पढ़ाई हो रही आसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही सरस्वती सायकिल योजना के तहत शासकीय कन्या शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि विजय केसरवानी, नीलम सोनी की अध्यक्षता एवं टेसूलाल धुरंधर, नरेश केसरवानी की विशिष्ट आतिथ्य में छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में केसरवानी ने बताया कि भाजपा की सरकार पढ़ने वाले बच्चों के लिए नए–नए योजनाएं ला रही है। इसमें सरस्वती सायकिल योजना के तहत स्कूल के बच्चों को सायकिल देने का निर्णय लिया है। श्रीमती सोनी ने बताया कि सरस्वती साइकिल योजना पूर्व में डॉ. रमन सिंह की सरकार द्वारा शुरू की गई और इस योजना का लाभ सभी पढ़ने वाले शहरी ग्रामीण अंचल के बच्चों को तब से लेकर अभी तक मिल रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा के शहर मंडल के अध्यक्ष संकेत शुक्ला, धनंजय साहू, मदन वर्मा, सीमा केसरवानी, सरिता मारक, कीर्ति गोस्वामी सहित संस्था के प्रभारी प्राचार्य रमा वर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में स्कूल की बालिकाएं उपस्थित थीं।

## कन्या हाई स्कूल में छात्राओं को बांटी गई सायकिलें



### सायकिल मिलने से छात्राओं के खिले चेहरे




**बलौदाबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमदा में कक्षा 9वीं की 47 छात्राओं को शासन की बालिका शिक्षा प्रोत्साहन सरस्वती योजना के अंतर्गत सायकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय केसरवानी तथा विशिष्ट अतिथि रमेश वर्मा, शेष कुमार वर्मा, अशोक वर्मा, विजय वर्मा की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में केसरवानी ने बालिका शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने शासन एवं विभाग से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। संस्था प्रमुख नागेश्वर प्रसाद पटेल द्वारा शाला में प्राप्त सुविधा एवं समस्याओं से अवगत कराते हुए अगामी शिक्षा सत्र में हायर सेकंडरी भवन के लिए आवेदन पत्र मुख्य अतिथि को सौंपा।

### 35-35 हजार रुपए का चेक, उपहार सामग्री एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, अंतरजातीय विवाह भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में विभिन्न स्थानों से आए कुल 30 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 3 ईसाई जोड़े भी शामिल हुए। साथ ही अंतरजातीय विवाह भी देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुवात जोड़ों के पंजीकरण एवं श्रृंगार सामग्री वितरण से हुआ। सर्वप्रथम ईसाई पद्दति से 3 जोड़ों का विवाह रेवरेंड पॉल द्वारा सम्पन्न कराया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से 27 हिन्दू जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम, पाणिग्रहण, हवन एवं फेरों सहित सात वचन दिलाते हुए पूर्ण किया गया। परिणय सूत्र में बंधे समस्त 30 जोड़ों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वितरित 35 हजार रुपए के चेक, उपहार सामग्री एवं प्रमाण प्रदान किया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की राशि प्रति जोड़ा 50 हजार रुपए हो गई है। अतः समस्त जोड़ों को 7 हजार रू की श्रृंगार सामग्री, 35 हजार का चेक एवं आयोजन अथवा परिवहन हेतु शेष राशि प्रदान की गई है। अतिथियों के स्वागत पश्चात उनके आशीर्वचन, उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं का सम्मान, वैवाहिक प्रमाण पत्र वितरण तथा वधुओं की विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। नव जोड़ों का उत्साहवर्धन एवं उन्हें आशीर्वाद देने हेतु जिला पंचायत सदस्य केके देवांगन, जनपद अध्यक्ष वीणा ऑडिल, पार्षद लखनलाल देवांगन, सुनीता यादव, विभिन्न विभाग के पदाधिकारीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम स्थल में उपस्थित थे।



# अलग-अलग स्थानों से 170 लीटर महुआ शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटा आबकारी विभाग

जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर सूचना के आधार पर विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम कारी में आरोपी अखिलेश डहरिया के मकान से 40 लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब जब्त की गई। वहीं ग्राम धनगांव में भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण की सूचना पर डबरी तालाब के किनारे 65 लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब एवं 2500 किग्रा महुआ लाहन का सेंपल लेकर नष्टीकरण किया गया।

इसी प्रकार पलारी थाना अंतर्गत ग्राम खैरी में नाला किनारे 65 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त एवं 1800 किग्रा महुआ लाहन का सेंपल लेकर नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई में अज्ञात आरोपियों के विरूध्द छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक जलेश कुमार सिंह, आबकारी उप निरीक्षक मनराखन नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक मदनलाल ध्रुव, नगर सैनिक राजकुमार, चिंतामणी डहरिया, शीतल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए 13 चालक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जब्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार, सिमगा, कसडोल एवं थाना गिधपुरी में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 13 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 13 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए, इनके वाहन विधिवत जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



मंगलवार को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 13 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक–पृथक 10–10 हजार रूपये अर्थदंड का आदेश दिया गया है। संपूर्ण कार्रवाई में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 13 वाहन चालकों को कुल 1.30 लाख रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत और दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

ग्राम रोहासी के पास शाम 5 बजे दो मोटरसाइकिल की आपस में जबरदस्त भिड़ंत होने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम जानू राम पटेल 50 वर्ष ग्राम टेमरी तहसील पलारी का रहने वाला बताया जा रहा है। वह सब्जी बेचने का काम करता था। वह अपने घर से सब्जी बेचने के लिए रोहासी बाजार जा रहा था। इस टक्कर से अन्य मोटरसाइकिल दो युवक भी घायल हुए हैं जिनका उपचार चल रहा है। पलारी पुलिस ने मृतक के शव को उप स्वास्थ्य केंद्र पलारी में रखवाया हैं दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना पलारी में रखा है। इस संदर्भ में संबंधित से पूछताछ की जा रही है। उक्त जानकारी थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे ने दी।



## राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख में जिले 81 स्कूलों में पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- तीसरी, छठवी व नवमीं कक्षा के विद्यार्थियों को इस सर्वेक्षण में किया गया शामिल

एनसीईआरटी द्वारा बुधवार को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण का आयोजन जिले के 81 स्कूलों के कक्षा तीसरी, छठवी व नवमीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मिलित कर किया गया। सर्वे के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय द्वारा बलौदाबाजार विकासखण्ड के प्राथमिक शाला भाठागांव, उ.मा.वि.भाठागांव, प्राथमिक शाला रिसदा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा एवं स्वामी विवेकानंद विद्यालय रिसदा का निरीक्षण किया गया। सभी स्थानों पर सर्वेक्षण कार्य शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहा था। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश कुमार साहू द्वारा गुरूकुल इंग्लिस मिडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार, पूर्व माध्यमिक शाला गांधी चौक बलौदाबाजार, पूर्व माध्यमिक शाला रवान व सरस्वती शिशु मंदिर करमदा का निरीक्षण किया गया।



### प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रतिभाशाली छात्राओं का हुआ सम्मान

# बेटियों के सम्मान से समाज का बढ़ता है गौरव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक ठाकुर विघ्न हरण सिंह भवन में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर व उपस्थित अतिथियों का पुष्प हार तथा महाराणा प्रताप की जय जय भवानी के नारों से स्वागत किया गया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के छत्तीसगढ़ इकाई प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में सीजीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। सीजीपीएससी परीक्षा में टॉप टेन में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली मुंगेली जिले की लोरमी निवासी क्षत्रिय समाज की बिटिया किरण राजपूत तथा पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली महासमुंद जिले की नंदनी साहू को पुष्प गुच्छ और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह और प्रदेश अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रदेश अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम ने कहा कि बेटियों का सम्मान हमें अपने समाज के लिए गर्व का पल है। इन दोनों बेटियों की सफलता के पीछे इन बेटियों की मेहनत उनके माता–पिता की कठिन तपस्या और शिक्षा का योगदान है। क्षत्रिय समाज के गरीब परिवार के बच्चों को अगर अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए किसी भी प्रकार की आर्थिक कमजोरी का सामना अगर करना पड़ता है, तो हम उनकी पूरी मदद करेंगे, जिसे वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सके और इस प्रकार की प्रतियोगिकी परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह भदौरिया, पंकज सिंह राष्ट्रीय संघठन मंत्री, परेश चौहान, रामकुमार सिंह, सुखवीर सिंह राघव, रबिन्द्र सिंह जो राष्ट्रीय महामंत्री, उजागर सिंह, लेखमनी सिंह, कन्हिया सिंह, सुनील सिंह, संतोष सिंह, बृजेश सिंह, रवि सिंह, देवेश सिंह, मनहरण सिंह, मानवेन्द्र सिंह, सरोज सिंह, संजू सिंह, चुन्नू सिंह, सतेंद्र सिंह, ग्रीश सिंह, आलोक सिंह, तोरण ठाकुर, अशोक सिंह, शैलेन्द्र सोमवंशी, मुन्ना सिंह, नानू ठाकुर, बहुर सिंह, गोवेर्धन कमल सिंह, तोप सिंह, महेंद्र सिंह, रमन कमल सिंह, टिकेश्वर आदि के साथ कार्यकरणी के सभी पदाधिकारी व सामाजिक बंधु उपस्थित थे।




### ट्रक से टकराई पिकअप स्टेयरिंग में फंसा चालक

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 में हुए एक हादसे में सितली नाला के पास खड़ी ट्रक से पिकअप टकरा गई। हादसे में पिकअप चालक स्टेयरिंग में फंस गया। जिसे पुलिस और आसपास के लोगों कि मदद से निकाला गया। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक अचानकपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कवर्धा हाल बसंत विहार कॉलोनी गेट नंबर 02 रायपुर निवासी पुरूषोत्तम साहू ट्रांसपोटिंग का काम करता है। 25 नवंबर 2024 को पुरूषोत्तम का ड्रायवर चेतन साहू अपने हेल्पर कमल वर्मा को साथ लेकर ग्राम बरगा से सब्जी लोड कराकर शाम करीब 4 बजे बागबाहरा जाने के लिए निकला।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दी भारतीय नौसेना दिवस की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस पर जल सीमाओं के प्रहरी भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नौसेना के उन शूरवीरों को अपनी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश सेवा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्री साय ने कहा कि भारतीय नौसेना के जवान साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और आपदा राहत के दौरान सराहनीय भूमिका निभाई है। उनकी सेवा और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।

### जिले में 13 हजार 408 टन धान खरीदी

**रायपुर।** जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी जारी है। जिले में मंगलवार को 3 हजार 25 किसानों से 13 हजार 408 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह इन किसानों से 30 करोड़ 85 लाख रुपए धान की खरीदी हुई। इस खरीदी के बाद जिले में अब तक 139 उपार्जन केंद्रों में 36 हजार 112 किसानों से 1 लाख 52 हजार 403 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानों से अब तक 350 करोड़ 75 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

### शासकीय हाईस्कूल उरला में किया पौधारोपण

**रायपुर।** एसकेए स्टील एंड पॉवर प्रायवेट लिमिटेड उद्योग द्वारा सीईआर के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम पर द्वितीय चरण के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल उरला में पौधारोपण किया गया। साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2 वाटर कूलर भी स्थापित किए गए। इस मौके पर पॉवर लिमिटेड के महाप्रबंधक अखिल अग्रवाल ने कहा कि उनके उद्योग की इस पहल से अब गर्मी के दिनों में पाठशालाओं के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध होगा।

### धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी प्रभारी हटाए गए

**रायपुर।** जिले के धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी में निरीक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के जिला अधिकारी एनआरके चंद्रवंशी द्वारा पाया गया कि उपार्जन केंद्र के प्रभारी मुकेश बैष्णव द्वारा बिना ड्रेनेज के धान की स्टेकिंग की गई है, जबकि शासन की उपार्जन नीति में प्रावधान है कि धान का स्टेकिंग ड्रेनेज के ऊपर की जाए। इस प्रकार मुकेश वैष्णव द्वारा धान उपार्जन के नियमों का उल्लंघन किया गया, जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की गई।

### निजी स्कूल के अकाउंटेंट ने की छह लाख की धोखाधड़ी



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना में एक निजी स्कूल के प्राचार्य ने अपने यहां काम करने वाले एक अकाउंटेंट के खिलाफ छह लाख 17 हजार रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गबन की जानकारी पालकों को फीस के बदले कच्ची रसीद देने तथा ऑडिट रिपोर्ट से स्कूल प्रबंधन को मिली। पुलिस के मुताबिक महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य बिरेंद्र माहेश्वरी ने सविता साहू के खिलाफ गबन की शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि सविता उनके स्कूल में सितंबर 2022 से जुलाई 2024 तक अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थी। स्कूल प्राचार्य के अनुसार सविता ने इस साल मार्च से जुलाई के बीच फीस की राशि गबन की है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि अकाउंटेंट ने छात्रों की फीस की जमा रकम को बैंक में जमा करने के बजाय अपने पास रख ली। अकाउंटेंट ने जुलाई में अपनी शादी के समय पालकों को जमा शुल्क की पक्की रसीद देने के बजाय कच्ची रसीद दी थी। आय-व्यय में भिन्नता पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन ने इसकी जांच कराई, तो अकाउंटेंट द्वारा फीस की राशि में गड़बड़ी करने की जानकारी मिली।

# 20 हजार से ज्यादा बूथों में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। मंगलवार से मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनाने का काम चल रहा है। अब तक 20 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। बचे बूथों में से जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनेगी। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव चल रहा है। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया है। दो दिनों बाद यह समय सीमा भी समाप्त हो जाएगी। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक तीन दिसंबर की स्थिति में 20 हजार दो सौ बूथों में बूथ कमेटियों का गठन हो चुका है। अभी छह जिलों से रिपोर्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा, संभावना है कि पांच दिसंबर तक सभी बूथों में कमेटियां बन जाएंगी।

### अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया




#### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हे सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया, पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा।

## मुख्यमंत्री साय बोले- हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित बनाएंगे

# भाजपा ने मनाया जनादेश दिवस सीएम साय ने खुद भी फोड़े पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर





भाजपा ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर जनादेश दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद भी पटाखे चलाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पार्टी की जीत की सालगिरह मनाई और अपने उत्साह व उल्लास को व्यक्त किया। पिछले वर्ष 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए थे, जिसमें भाजपा ने ऐतिहासिक जनादेश के साथ शानदार जीत अर्जित की थी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, 3 दिसंबर को हम सभी लोग जनादेश दिवस के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व सभी केंद्रीय नेताओं के मार्गदर्शन में जनता ने मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगाई। श्री साय ने कहा, तब श्री साव ने नेतृत्व महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को साथ लेकर कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए, कांग्रेस की भूपेश सरकार के गलत कार्यों के विरुद्ध जनमत तैयार करने के लिए संघर्ष और आंदोलन किए। श्री साय ने कहा, तब कोई यह मानने को तैयार ही नहीं था कि भाजपा की सरकार बनेगी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार तो इतना ओवर कॉन्फिडेंस में थी कि सरकार तो कांग्रेस की बनेगी, सबने मिलकर तत्कालीन सरकार और कांग्रेस पार्टी की मुखालफत की और चुनाव जीतने में सफल हुए। श्री साय ने कहा, पूरे प्रदेश में सुशासन देने का हमारा संकल्प है। श्री साय ने कहा कि आज कई क्षेत्रों में जो भ्रष्टाचार का रास्ता था, हम उसे बंद कर रहे हैं। हम सभी लोग मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।

### अब विष्णु का सुशासन : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, एक साल पहले छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने कांग्रेस की अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंका था। आज राज्य में विष्णु का सुशासन है और प्रदेश विकास की ओर तेज गति से बढ़ रहा है। श्री साव ने तब कही गई अपनी बात को भी याद किया कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता न डरेगा, न झुकेगा और राज्य की अन्यायी, अत्याचारी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके बिना चैन की नींद नहीं सोएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भूपेंद्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव, किशोर महानंद, सौरभ सिंह, नरेश चंद्र गुप्ता, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जयंती पटेल, छगनलाल मूंदड़ा, सचिदानंद उपासने, केदार गुप्ता, नलिनीश ठोकने, राजीव चक्रवर्ती, अंजय शुक्ला, सलीम राज, अशोक बजाज, सुनील पिल्लई, मितुल कोठारी, तौकीर रजा, उमेश घोरमोड़े, गौरी शंकर श्रीवास, अभिनेश कश्यप, राहुल टिकरिया, सुनील चौधरी, सत्यम दुआ, जेपी चंद्रवंशी, विश्वादिनी पांडेय, किरण बघेल, तुषार चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मूणत ने हीरापुर अटारी में स्कूल-कालेज के लिए दिलवाया फंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत का अपने क्षेत्र के वार्डों के स्कूल-कालेजों में सुविधाएं दिलाने का अभियान जारी है। इस बार उन्होंने वीर सावरकर नगर (हीरापुर-जरवाय, अटारी) इलाके के सरकारी स्कूल और कालेज में जरूरत के मुताबिक प्रार्थना शेड और कमरों में सीपेज की मरम्मत तथा कालेज में फेंसिंग समेत सामुदायिक भवन और सीसी रोड के लिए 30 लाख रुपए से ज्यादा का फंड दिलवाया है। श्री मूणत ने इन सभी कार्यों का भूमिपूजन भी कर दिया। सभी काम बुधवार-गुरुवार तक चालू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, इस वार्ड की बड़ी आबादी सरकारी स्कूल-कालेजों पर निर्भर है। वहां अध्ययनरत छात्रों और टीचिंग स्टाफ की शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी हर जरूरत पूरी की जाएगी। उन्होंने स्कूल मेंटेनेंस और सीसी रोड के लिए सीएम साय तथा डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की तैयारी, सवा दो लाख वेतन, तीन साल का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर




छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति होगी। इस एक पद के लिए सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आवेदन बुलाए हैं। खास बात ये है कि यह नियुक्ति तीन साल के लिए होगी और मुख्य सूचना आयुक्त का मासिक वेतन सवा दो लाख रुपए महीना होगा। यह पद लंबे समय से खाली है। अब से पहले इस पद के लिए सितंबर 2022 और फरवरी 2024 में भी आवेदन बुलाए गए थे, लेकिन उस समय भर्ती नहीं की गई थी।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ ने मुख्य सूचना आयुक्त के लिए आवेदन मंगाए हैं। ये आवेदन 16 दिसंबर तक लिए जाएंगे। बताया गया है कि इस पद के लिए भारत का कोई भी नागरिक आवेदन कर सकता है। इस पद के लिए योग्यता ये है कि आवेदक विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंध, पत्रकारिता जनसंपर्क, माध्यम या प्रशासन और शासन में व्यापक ज्ञान का अनुभव रखने वाला प्रख्यात व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक संसद का सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल का सदस्य नहीं होगा या कोई अन्य लाभ का पद धारण नहीं करेगा। किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं होगा। ये साफ किया गया है कि मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति के पहले संबंधित व्यक्ति को लाभ का पद, कोई कारोबार या व्यापार छोड़ना या बंद करना होगा। 65 साल की आयु प्राप्त करने वाले व्यक्ति नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

### नए विधायक सोनी एक्शन मोड में

## विकास का रोडमैप बनाने जोन आयुक्तों को निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रायपुर दक्षिण से जीतने वाले भाजपा के विधायक सुनील सोनी जीत के बाद अब अपनी विधानसभा के विकास के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। मंगलवार को नगर निगम के कमिश्नर और अपनी विधानसभा के नगर निगम के चार जोन के आयुक्तों को बुलाकर जहां रायपुर दक्षिण में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली, वहीं विकास का रोड मैप भी बनाने के निर्देश दिए हैं। सुनील सोनी ने जोन आयुक्तों से दो टूक कहा, किसी भी हाल में विकास के कामों में लापरवाही नहीं चलेगी। सभी योजनाओं के कामों को समय पर पूरा करना है। उन्होंने विधानसभा के वार्डों में चल रही योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा विधानसभा में हर तरह के विकास कार्यों को पूरा करना है। जनता के हितों वाली योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। किसी भी हाल में विधानसभा की जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, सरिता दुबे, सरिता वर्मा, सावित्री साहू के साथ नगर निगम कमिश्वर अबिनाश मिश्रा, स्मार्ट सिटी के उज्जवल पोरवाल सहित चार जोनों करे आयुक्त उपस्थित थे।

## पीएम आवास 2.0 दस्तावेज के अभाव में हितग्राहियों के आवेदन निरस्त नहीं करें, देना है योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने के मामलों को सरकार ने गंभीरता से लिया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इस संबंध में कहा है कि ऐसा करने से संभव है कि पात्र हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग दस्तावेज के अभाव में शासन की योजना से वंचित हो जाएगा, जबकि यह शासन की महती योजना है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें योजना का लाभ देना है। दस्तावेज की कमी वाले आवेदकों को रियायत देने कहा गया है।




### सूडा ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया है। भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों में सबके लिए आवास मिशन के तहत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजन 2.0 लागू की है। पिछले महीने नवंबर से योजना लागू होने के बाद 15 नवंबर से ही राज्य के सभी नगरीय निकायों में भारत सरकार के यूनिफाइड़ वेब पोर्टल रैपिड असेसमेंट सर्वे भी प्रारंभ किया जा चुका है। इस सर्वे में सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने के निर्देश हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक का आधार विवरण, परिवार के सदस्यों का आधार विवरण, बैंक खाता, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, और भूमि दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

### सामने आई ये गड़बड़ी

सूडा ने पाया है कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कुछ नगरीय निकाय योजना के तहत हितग्राहियों द्वारा रैपिड असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत आए आवेदनों को दस्तावेज के अभाव में निरस्त किया जा रहा है। सूडा का कहना है कि योजना के तहत हितग्राही सर्वेक्षण प्रारंभ किए जाने के लिए शासन का मूल उद्देश्य समस्त संभावित लाभार्थियों को योजना के तहत आवास उपलब्ध कराना है। लेकिन दस्तावेजों की कमी के कारण हितग्राहियों के आवेदन निरस्त किए जाने से हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग शासन की इस योजना से वंचित हो जाएगा। ऐसे हितग्राहियों के लिए अब ये छूट दी गई है।

### अब दिए गए हैं ये निर्देश

सूडा ने अब निकायों से कहा है कि हितग्राहियों के आवेदनों को दस्तावेज की कमी के कारण तत्काल निरस्त न करते हुए संबंधित हितग्राहियों के दस्तावेज की पूर्ति के लिए समय दें, जिससे अधिकतम हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। हितग्राहियों को अनिवार्य दस्तावेजों जैसे जाति प्रमाणपत्र आय प्रमाणपत्र के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय से नगरीय निकायों द्वारा व्यक्तिगत समन्वय स्थापित कर संभावित हितग्राहियों को दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोग दें।

### धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत किसानों से की चर्चा

# प्रदेशभर के धान खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था किसानों की समस्या से अवगत हुए कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



धान खरीदी में किसानों की समस्याओं को देखने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिये कांग्रेस ने प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में 'धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया।' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी विभिन्न सोसाइटियों में जाकर किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। विधायकों और पूर्व विधायकों सहित जिला अध्यक्षों ने भी अपने-अपने जिलों में धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों की समस्या जानी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बस्तर के छापरभानपुरी, तरन्जी, बरान्जी, टोकापाल धान खरीदी केन्द्र जाकर व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा धान बेचने आये किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि बारदाने की कमी है, टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, किसानों को भुगतान मात्र 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रहा है। 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के खरोरा के ग्राम माठ के धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सबसे ज्यादा टोकन को लेकर परेशानी आ रही है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है।

### जिले में इन नेताओं ने किया दौरा

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, उधोराम वर्मा ने धरसींवा धान खरीदी केंद्र और सांकरा धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

### सिंहदेव ने यहां किया दौरा

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव महासमुंद के पिथौरा, राजाडेरा एवं बिलाईगढ़ के सरसींवा सोसाइटी गये। इन सोसाइटियों में भी किसान बारदाने, टोकन, कम तौल एवं उठाव की समस्या से परेशान हो रहे हैं।

## पीएम आवास योजना सर्वे में भेदभाव व अन्य मुद्दों पर कांग्रेस करेगी आंदोलन

### शहर कांग्रेस ने ली पार्षद दल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर नगर निगम के पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टैक्स वसूली के नाम पर आम जनता को परेशान करना, बढ़ते हुए बिजली बिल एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में भेदभाव के साथ रायपुर राजधानी में मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप जैसी समस्या को लेकर चर्चा हुई ।

शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि भाजपा की सरकार में आम जनता को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। बढ़ते हुए बिजली बिल और टैक्स वसूली के नाम पर निगम द्वारा लोगों के घरों में टैक्स की रसीद को चस्पा कर वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के नाम पर भेदभाव किया जा रहा है। निगम एवं जिला प्रशासन भाजपा के दबाव में कार्य कर रही है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है इन सभी मुद्दों को लेकर हम आगामी दिनों में जोन वार आंदोलन करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा प्रमोद दुबे पंकज शर्मा आकाश शर्मा सहित कई पार्षद मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल रमेन डेका का किया प्रकृति परीक्षण

**रायपुर।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत सोमवार को राज्यपाल रमेन डेका का प्रकृति परीक्षण किया गया। 26 नवंबर संविधान दिवस से शुरू हुए इस अभियान के तहत राज्य के 15 लाख नागरिकों के आयुर्वेदीय सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) का परीक्षण मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा किया जाएगा। राज्यपाल के प्रकृति परीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक आयुष डॉ. सुनील दास, प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार एवं राज्य समन्वयक डॉ. संजय शुक्ला, रीडर डॉ. ओमप्रकाश राउत एवं डॉ. विनय भारद्वाज उपस्थित थे। एक बड़ी जनसंख्या आधुनिक जीवनशैली, अनियमित खानपान और शारीरिक श्रम में कमी के कारण मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसे अनेक गैर संचारी रोगों का शिकार है। युवा फास्ट-फूड और नशाखोरी के लत के कारण इन गैर संक्रामक बीमारियों के चंगुल में आ रहे हैं, जो मानव संसाधन के उत्पादकता को प्रभावित कर रहा है। प्रकृति परीक्षण के उपरांत प्राप्त होने वाले आयुर्वेदिक परामर्श, योग तथा व्यायाम से इन रोगों के बचाव और नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

### 'आंबेडकर' की डॉ. मान्या ने दिया बैंकाक में व्याख्यान

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल की नाक-कान-गला रोग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर ने इंटरनेशनल ओटो राइनोलैरिंगोलॉजी साइंटेक्स कॉन्फ्रेंस 2024 बैंकाक थाईलैंड में मॉडरेटर चेयरपर्सन के रूप में अपनी भागीदारी निभाई। यह सम्मेलन अखिल भारतीय महिला ओटो राइनोलैरिंगोलॉजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित था। इस सम्मेलन में उनके व्याख्यान की बहुत सराहना की गई और यह जूनियर पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए प्रेरणादायी रहा। डॉ. मान्या ने इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासन से मिली अनुमति के लिए आभार व्यक्त किया है।

### पहले दिन बनाए पांच हजार से ज्यादा आयुष्मान कार्ड

**रायपुर।** जिले के प्रत्येक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने चलाए जा रहे तीन दिवसीय महाभियान के पहले दिन 5060 लोगों के कार्ड बनाए गए। इसमें से पांच सौ आयुष्मान वय वंदना के हितग्राही थे और शेष 4060 कार्ड राशनकार्ड हितग्राहियों के थे। बुधवार और गुरुवार को भी विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाले राशनकार्ड बनाए जाएंगे। रायपुर जिले 70 साल से अधिक आयु वाले वय वंदना कार्ड बनाया जाना है, जिसके माध्यम से उन्हें पांच लाख रुपए के निशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी।

# रेलवे के ट्रांसप्लांट पेड़ों को पुनर्जीवित होने में लगेगा 3 महीने का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे विकास कार्यों की जद में आ रहे पेड़ों को काटने के बजाय ट्रांसप्लांट तकनीक से रेलवे प्रशासन ने दूसरी जगह शिफ्ट कर नया जीवन देने का कार्य किया है। अभी तक 20 से अधिक पेड़ों को रेलवे स्टेशन की पीछे तरफ शिफ्ट किया जा चुका है। हरिभूमि की टीम मंगलवार को पेड़ों का जायजा लेने पहुंची। कुछ पेड़ में पत्ते मुरझाए व सूखे हुए थे, तो वहीं कई पेड़ों में नई खुली हुई डंगाल भी देखने को मिली। ट्रांसप्लांट टीम का कहना है कि तीन महीने अच्छी देखभाल से इन पेड़ों में नई जान स्थापित की जा सकती है। इसके लिए जड़ों तक पानी पहुंचना जरूरी है। अभी 15 से 20 दिनों में पेड़ों की स्थिति देखकर यह कहना मुश्किल होगा कि यह पेड़ कुछ दिनों में खत्म हो जाएगा। बता दें कि रेलवे की ओर से प्रतिदिन एक टैंकर से अधिक पानी पेड़ों को दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि 80 प्रतिशत ट्रांसप्लांट तकनीक से पेड़ बच जाते हैं। जड़ों के अंदर फैलने के बाद पेड़ पुनर्जीवित हो जाते हैं।

## 20 पेड़ों को हर दिन एक टैंकर से अधिक पानी की आवश्यकता

- ट्रांसप्लांट टीम ने कहा कि पेड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बाद नई जड़ों के विकसित होने में लगता है समय
- गर्मी तक विशेष देखभाल की जरूरत, पानी की कमी होने से खत्म हो जाएंगे सभी पौधे



### पानी की कमी हुई तो व्यर्थ हो जाएगी मेहनत

पेड़ों को नियमित पानी पहुंचाने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। ट्रांसप्लांट में 80 साल के भी पौधे हैं। टीम का कहना है कि ऐसे पौधों को नई जगह में पुनर्जीवित होने से 3 महीने से भी अधिक समय लग जाता है। दो महीने के बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। ऐसे में नियमित पानी नहीं मिलने से पूरी मेहनत व्यर्थ हो सकती है।

### 100 से अधिक पेड़ों का लक्ष्य

रेलवे ने 100 से अधिक पेड़ों को तकनीक के जरिए ट्रांसप्लांट करने का लक्ष्य बनाया है। यह कार्य जारी है। रेलवे गुढ़ियारी की ओर रेलवे कॉलोनी में लगे 22 पेड़ों को शिफ्ट कर चुका है, जिसमें आम, नीम और पीपल समेत छायादार पेड़ शामिल हैं। जमीन को पानी से नर्म कर लगभग 7 से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद पेड़ों को जड़ों के साथ निकालकर फिर दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया। दावा है कि तीन से चार महीने यह पौधे हरे भरे हो जाएंगे।


## आवाजाही का अतिरिक्त खर्च, दूसरे राज्यों से नहीं मिल पा रहे कैडेवर डोनरों के अंग

# दो साल में केवल नौ परिवार ही अंगदान को हुए तैयार, 168 जरूरतमंद कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिमागी रूप से मृत हो चुके मरीजों के अंगों से कई लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। दुखी परिवार को यह समझाना बड़ा मुश्किल काम है। इसकी वजह से राज्य में पिछले दो साल में केवल नौ परिवार ब्रेनडेड सदस्यों के अंगदान करने को तैयार हुए हैं। राज्य में अभी 168 लोगों को ऐसे लोगों से मिलने वाले किडनी, लिवर सहित अन्य अंगों का इंतजार है। राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोट्टो) के नेतृत्व में विभिन्न पंजीकृत अस्पतालों में लोगों को अंगदान का महत्व समझाने के लिए टीम काम कर रही है। उन्हें इस मामले में मिली सफलता जरूरत के हिसाब से बहुत कम है। राज्य में पहला अंगदान 19 नवंबर 2022 को हुआ था और नौवां कैडेवर डोनेशन की प्रक्रिया अगस्त 2024 में पूर्ण हुई है। इस मामले से जुड़े लोगों को कहना है कि लोगों में अंगों के दान की महत्ता के बजाए विभिन्न तरह की अफवाह ज्यादा हावी है, जिसकी वजह से बहुत कोशिशों के बाद ही थोड़ी सफलता मिलती है। प्रदेश में अंगों की होने वाली उपलब्धता की तुलना में डिमांड ज्यादा है। वर्तमान में सोटो के पास 168 लोगों के आवेदन हैं, जिन्हें किडनी, लिवर के साथ अन्य तरह के अंगों की जरूरत है। छत्तीसगढ़ अंग प्रत्यारोपण के मामले में मुंबई जोन से जुड़ा है, मगर अब तक दूसरे राज्यों से जरूरतमंदों को अंग की उपलब्धता नहीं हो पाई है। इसकी एक वजह अंगों को दूसरे राज्यों से सीमित समय में लाने के लिए आने वाले खर्च की व्यवस्था है। शासन की योजना में इसका प्रावधान नहीं है। राज्य में दो मरीजों से प्राप्त हुए लिवर और लंग्स को जरूर जरूरतमंद मरीज तो प्रत्यारोपित करने के लिए पुणे और नागपुर के हास्पिटल ग्रीन कॉरीडोर बनाकर भिजवाया जा चुका है।

- दो दानवीरों के लिवर और लंग्स बचा चुके नागपुर और पुणे के दो मरीजों की जान



### *हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए इंतजार*

*अंगदान के तहत मिलने वाली त्वचा, हार्ट के टिशू, किडनी, लिवर तथा कार्निया का उपयोग जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने के लिए किया जा रहा है। राज्य में हार्ट ट्रांसप्लांट की सुविधा प्रारंभ की जानी है, इसके लिए आंबेडकर अस्पताल में दो आधुनिक तरीके के ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम पूरा किया जा रहा है। डीके अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण की योजना अभी अधूरी है।*

### *सत्रह अस्पताल पंजीकृत*

*अंग प्रत्यारोपण के लिए राजधानी में मौजूद एम्स सहित 17 अस्पताल पंजीकृत हैं। एम्स के अलावा तीन और अस्पतालों द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा किया जा चुका है। शेष अस्पतालों में अभी इस तरह की स्थिति नहीं बनी है। राज्य में हार्ट से संबंधित टिशू रखने के लिए सत्यसाई संजीवनी हास्पिटल तथा मृत देह से प्राप्त होने वाली त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए डीके अस्पताल में स्किन बैंक बनाया गया है।*

### कितने आवेदन


- 147 लोगों ने किसी तरह का विकल्प नहीं होने पर किडनी के लिए आवेदन किया है।
- 20 मरीज गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास ट्रांसप्लांट के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है।
- 01 अन्य मरीज को हृदय से संबंधित ऊपरी अंग की आवश्यकता है, सोटो के पास उसका आवेदन लंबित है।

### क्या मिला अब तक

- 14 परिवारों ने बड़ा निर्णय लेते हुए छोड़कर जाने वाले लोगों की त्वचा दान में दी।
- 14 लोगों से मिला कार्निया दूसरों के जीवन में रोशनी बढ़ाने का कारण बना।
- 05 को हृदय वाल्व और 1 को लिवर प्राप्त हुआ।

# पोटाश बम से घायल हाथी शावक के स्वास्थ्य में सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एक माह पूर्व धमतरी तथा उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के पास शिकारियों द्वारा वन्यजीवों का शिकार करने बिछाए गए पोटाश बम से गंभीर रूप से घायल हाथी शावक का वन विभाग के अफसर अपनी निगरानी में उपचार अपने परिवार बच्चे की तरह करा रहे हैं। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार के मुताबिक, हाथी शावक की उम्र चार साल के करीब है। पोटाश बम से शावक का जबड़े में चोट लगी है। इस वजह से शावक को चारा चरने और झुंड में होने से शावक के उपचार करने में परेशानी हो रही थी। शावक के झुंड से अलग होने के बाद ट्रैंक्यूलाइज कर रिसगांव के पास लाकर उपचार शुरू किया गया है। अफसर के अनुसार, नियमित उपचार होने से शावक की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

- वन अफसरों की निगरानी में हाथी शावक का हो रहा उपचार

### चारे में पालक के साथ दे रहे हरी घास

अफसर के अनुसार, शावक को चारे के रूप में नरम पत्ती वाली हरी सब्जियां दी जा रही हैं। हाथी शावक को पूर्व में भोजन के रूप में लिक्विड दिया जा रहा था। स्वास्थ्य में जैसे-जैसे सुधार हो रहा है, शावक को हरा चारा के साथ पालक दी जा रही है। अफसरों को हाथी शावक के जल्द ही स्वस्थ होने की उम्मीद है। हाथी शावक का उपचार अफसरों की देखरेख में किया जा रहा है।

### *सफारी लाकर उपचार करना अंतिम विकल्प*

*सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने हाथी शावक को जंगल सफारी लाकर उपचार करने की बात से इंकार करते हुए कहा कि किसी भी वन्यजीव का उपचार उनके प्राकृतिक रहवास में कराना ज्यादा उचित होता है। शावक की स्थिति को देखते हुए वन अफसर ने शावक का जंगल सफारी में लाकर उपचार कराने की बात से फिलहाल इंकार किया है। अफसर के अनुसार, एनिमल पूरी तरह से अशक्त हो जाए, खड़े होने की स्थिति में न रहे। ऐसी स्थिति में ही उसे जंगल सफारी लाकर उपचार कराया जा सकता है।*

*सैनिक कल्याण बोर्ड छग के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक*

# सैनिकों के कल्याण के लिए मानवीय संवेदना से कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में मंगलवार राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 16वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्तव्य है। इसमे मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस दिशा में हम सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 'सशस्त्र सेना झंडा' दिवस निधि के लिए संग्रह बढ़ाने के लिए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड एवं गृह विभाग के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। सरकार की सहायता पर ही निर्भर ना रहते हुए समुदाय को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की बैठक में लिये गये सभी निर्णयों से छत्तीसगढ़ में भूतपूर्व सैनिक उनके लाभान्वित होंगे। श्री डेका ने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए।

### डाक्टर की पिटाई जबरिया प्रकरण वापसी की शिकायत

**रायपुर।** चार साल पहले कबीरधाम जिले में चिकित्सक से की गई मारपीट का मामला जबरिया वापस कराए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य अधिकारी से की गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता सहित अन्य लोगों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्ति में इसके बारे में बताया गया है। डॉ. गुप्ता ने भेजे गए पत्र में बताया है कि विशेष सत्र न्यायाधीश कबीरधाम के सक्षम न्यायालय में दर्ज प्रकरण धारा 294, 323, 506 बी 34 एट्रोसिटी एक्ट 3(1) 10 एवं छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा अधिनियम 2010 धारा 4-5 प्रकरण को वापस लिए जाने की अनुशंसा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गई है। संबंधित चिकित्सक डॉ. सूर्यकांत भारती ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर को सूचित किया है कि यह उनकी इच्छा के विरुद्ध प्रकरण वापसी का उपक्रम किया जा रहा है।

# तालाब में डूब रहे हाथी शावक को ग्रामीणों ने ऑपरेशन गजराज चलाकर बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में इन दिनों 99 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के करंट की चपेट में आकर मरने से लेकर हाथियों के एक बड़े झुंड के एक साथ उपस्थित होने की खबरें आ रही हैं। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ग्रामीण गड्ढेनुमा तालाब में फंसे हाथी शावक को जान जोखिम में डालकर पानी से बाहर निकालते दिख रहे हैं। ग्रामीणों ने शावक को बचाने चलाए गए इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन गजराज दिया था। ग्रामीण हाथी को बचाने जब पहुंचे, तब मौके पर वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं था। गौरतलब है कि रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में जो 99 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, उनमें 49 मादा, 27 नर तथा 23 शावक हैं। इनमें 41 हाथियों का दल लैलूंगा रेंज में विचरण कर रहा है। हाथी शावक को बचाने का जो वीडियो सामने आया है, वह लैलूंगा रेंज के चिल्कागुड़ा के एक खेत में बने गड्ढेनुमा तालाब का है। बताया जा रहा है, 41 हाथियों का दल गड्ढेनुमा तालाब में नहाने के लिए उतरा था। इस दौरान एक शावक काफी प्रयास के बाद भी गड्ढे से बाहर नहीं निकल पाया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली। उसके बाद ग्रामीणों ने शावक को बचाने ऑपरेशन शुरू किया।

- हाथी दल के आसपास मौजूदगी के बाद भी ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर शावक को गड्ढे से बाहर निकाला



कबीरधाम कलेक्टर ने संचालकों पर मामला दर्ज करने का दिया नोटिस

# धान खरीदी केंद्रों में बारदाना देने पीडीएस दुकान संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी को लेकर खरीदी केंद्रों में बारदाना का संकट गहरा गया है। बारदाने की कमी पूरा करने खाद्य विभाग ने सभी राशन दुकान संचालकों को बारदाना जमा करने कहा है। वहीं जिला कबीरधाम में कलेक्टर ने 100 प्रतिशत बारदाना खरीदी केंद्रों में भिजवाने का नोटिस जारी किया है। कबीरधाम जिले में ऐसा न करने पर राशन दुकान निलंबित करने, संचालकों पर जुर्माना लगाने के साथ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किए जाने का उल्लेख नोटिस में किया गया है।

पीडीएस दुकान संचालकों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2020 से 2023 तक के बारदाना की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मामले में अक्टूबर में आंदोलन किया था, तब इसका भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया था। कई जिलों में इसका भुगतान किया गया, पर केवल 80 प्रतिशत भुगतान किया गया है। संचालकों ने कबीरधाम जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का विरोध किया है। आदेश के बाद अब जिले के पीएडीएस दुकान के संचालकों ने सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। पूरे मामले में संचालकों से चर्चा की जा रही है।



### *धान बेचने के एक सप्ताह बाद भुगतान नहीं*

*इधर धान बेचने वाले किसानों को धान बेचने के 48 घंटे के अंदर भुगतान किए जाने के का दावा भाजपा सरकार कर रही है, लेकिन बलौदाबाजार जिले के एक किसान संजय कुमार पिता बांके बिहारी अग्रवाल द्वारा टोकन क्रमांक टीके 52001601242500115 के माध्यम से 28 नवंबर को 108 क्विंटल धान बेचा गया था। धान की कुल कीमत 2 लाख 48 हजार 400 रुपए का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हो पाया है। मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, भाजपा सरकार किसानों से झूठा दावा कर रही है। किसानों को सही समय पर धान की राशि जारी नहीं की जा रही है।*

### खाद्य विभाग ने दिया था आश्वासन

खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालको के द्वारा प्रदेश व्यापी बंद के अव्हान के उनके मामले में कई बिंदुओं पर आश्वासन दिया था। इसके तहत सभी लंबित भुगतान किए जाने के साथ अन्य तकनीकी दिक्कतों को ठीक करने का आश्वासन दिया गया था। इन मांगों में से कई मांगे पूरी की गई पर भुगतान आधा अधूरा किया गया। कबीरधाम जिले में संचालकों को एक भी भुगतान नहीं किए जाने से उनमें आक्रोश है।

### 6 करोड़ का भुगतान शेष

संचालकों ने बताया कि कबीरधाम जिले में राशन दुकान संचालकों द्वारा पिछले चार साल के दौरान धान खरीदी के लिए दिए गए बारदाने के एवज में करीब 6 करोड़ का भुगतान शेष है। बताया जाता है कि मार्कफेड द्वारा राशि जारी किए जाने के बाद भी दुकान संचालकों को भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन के नोटिस का विरोध करते हुए सामूहिक इस्तीफा भी दे दिया है।

### मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के लीडर पर ठगी का केस

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के सीनियर लीडर के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, खुशबू जैन की शिकायत पर मोहित जैन के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। खुशबू ने पुलिस को बताया कि वह मोहित के कहने पर मार्केटिंग कंपनी में वर्ष 2022 अप्रैल माह से रकम निवेश कर रही थी। बदले में मोहित, खुशबू को हर माह रिटर्न दे रहा था। नवंबर 2022 के बाद रिटर्न आना बंद होने के बाद खुशबू ने मोहित से अपने मूल धन वापस देने की मांग की तो मोहित पैसे देने के नाम पर टालमटोल करने लगा। खुशबू ने पुलिस को बताया कि मोहित ने उसके साथ 10 लाख की ठगी की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शिक्षक फेडरेशन ने दिवंगत शिक्षक के परिजन को दी अनुग्रह राशि



**खरोरा।** विकासखण्ड तिल्दा नेवरा अंतर्गत प्राथमिक शाला पचरी के प्रधान पाठक प्रेमप्रकाश डहरिया का विगत दिनों निधन हो गया। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन इकाई तिल्दा के सचिव कैलाश बघेल, कोषाध्यक्ष योगेश साहू व संघ के संकुल प्रभारी लुकेश कुमार ध्रुव द्वारा उनके घर पहुंच कर 50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गई। उनके बच्चों से अनुकंपा नियुक्ति व शासकीय नियम अनुसार मिलने वाली विभिन्न लाभों के बारे में औपचारिक चर्चा कर संघ द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पचरी संकुल के समन्वयक कांत कुमार, संकुल मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा व शिक्षकगण युगल किशोर वर्मा, हरीश प्रसाद साहू, हेमलाल नेताम, कौशल वर्मा और कमलेश वर्मा उपस्थित थे।

### अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर में दी जानकारी

**महासमुंद।** जिला के फारेस्ट ग्राऊड में पूर्व सैनिक संगठन के द्वारा भारतीय नौसेना दिवस पर अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर के युवाओं को जानकारी दी गई जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहां भारतीय नौसेना की बहादुरी, शौर्य और जज्बे को सलाम करने के लिए हर साल भारत देश में 4 दिसंबर के दिन भारतीय नौसेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दौरान कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, कन्हैया लाल सोनी, प्रदीप चंद्राकर, अरुण साहू उपस्थित थे।

### कुम्हार समाज का एक दिवसीय कुराल महोत्सव व मड़ई मेला 6 को

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सराईपाली (कोमाखान) में चक्रधारी कुम्हार समाज द्वारा एक दिवसीय भव्य मड़ई मेला एवं कुराल पूजा महोत्सव का आयोजन 6 दिसंबर को मनाया जा रहा है, जिसमें 5 दिसंबर को संध्या भव्य शोभायात्रा के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह चक्रधर भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित कर हवन पूजा की जाएगी। दोपहर में प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया है, इस अवसर पर रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए महासमुंद अंचल के सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच चंदा के अंजोर भठोरी बसना का कार्यक्रम रखा गया है, उक्त साय की जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश चक्रधारी कुम्हार समाज के केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष रजीत चक्रधारी ने दी है।

### बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव 6 को, कार्यक्रम की तैयारी में जुटे समाज जन

**नर्रा।** ग्राम बिन्द्रावन में कुम्हार समाज के द्वारा कुराल पूजा महोत्सव 6 दिसंबर दिन शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। एक दिन पूर्व 5 दिसंबर को बाजे गाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत कका भतीजा नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। इस दिन मार्गशीर्ष पंचमी तिथि शुक्रवार को चक्रधर भगवान विष्णु जी विधि विधान से हवन पूजन की जाएगी। इसके बाद दोपहर में प्रसादी के रूप भंडारा आयोजन किया है।

### खरोरा में दीप यज्ञ आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक में दीप यज्ञ का कार्यक्रम 5 दिसंबर को रखा गया है इस अवसर पर महिलाओं ने साफ सफाई किया गया जिसमें गीता चंद्राकर, पार्वती धीवर, हीरेंद्र वैष्णो, श्यामबाई, चंद्राकर, मेमन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया गायत्री परिवार के द्वारा कल गुरुवार को दीप यज्ञ का कार्यक्रम शाम 4 बजे शुभारंभ होगा और 108 दीप का यज्ञ किया जाएगा इस दीप यज्ञ का संकल्प लेते हैं यह दीप यज्ञ सभी लोगों के लिए बहुत शुभ होते हैं।

## जन सुनवाई : कई ने समर्थन किया तो अनेक लोगों ने गिनाई समस्याएं

# लोक सुनवाई में माइंस खोलने का हुआ विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सुहेला क्षेत्र के ग्राम बुडगहन में हाल ही में छत्तीसगढ़ पर्यावरण सरंक्षण मंडल रायपुर द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण लोक सुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामवासियों और प्रशासन के बीच चर्चा का मुख्य विषय था – गांव में माइंस (खदान) खोलने का प्रस्ताव। यह जनसुनवाई विशेष रूप से. ग्राम के अलग-अलग मेसर्स बुडगहन लाइम स्टोन माइन प्रोजेक्ट आशीष अग्रवाल, विनोद शर्मा, आमाकोनी से अशोक बाजपेयी द्वारा चुना पत्थर (गौण खनीज) उत्खनन उठाए गए इस प्रस्ताव पर आधारित थी, जिसके तहत बुडगहन और आसपास के क्षेत्रों में खनन गतिविधियों को बढ़ाने की योजना बनाई गई थी। इस मुद्दे पर गांव के लोगों की प्रतिक्रिया मिश्रित रही, जहां अधिकांश ने विरोध जताया, वहीं कुछ ने इस पहल का समर्थन भी किया।

इस लोकसुनवाई में ग्रामीण, प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्रीय प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार की उपस्थिति ने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। जनसुनवाई का उद्देश्य था कि ग्रामवासियों को इस प्रस्ताव के बारे में पूरी जानकारी दी जाए, उनकी चिंताओं और आपत्तियों को सुना जाए और अंत में एक निर्णय लिया जाए जो सभी के हित में हो।



अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बुडगहन के 3 खदानों का था, 1 अमाकोनी का था। पर्यावरण स्वीकृति के लिए था सुनवाई शांति पूर्ण रही। आपत्तियों को सुना गया। लोग माइक के माध्यम से आपत्ति बता रहे थे, कि रिकॉर्डिंग हो रही थी। आपत्ति का प्रस्तावक ने जवाब भी दिया उसकी भी रिकॉर्डिंग हुई। पूरी रिकार्डिंग भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय में चला जाएगा।

ग्रामीण रामनिवास साहू ने बताया मैं इस जनसुनवाई का घोर विरोध करता हूं। माइस खुलने से पानी का लेवल कम हो जाएगा। 15 साल तक सउब मिला था पहले भी वादा किए थे पूरा नहीं किया है। ब्लास्ट से स्कूल का बिल्डिंग टूट रही है करंट फैल गया था। स्थिति ऐसी आयी थी कि बच्चों को स्कूल से निकाले तो बच पाए। पंच टिकेश्वर साहू ने बताया जनसुनवाई का विरोध करता हूं यह फर्जी और सेटिंग की तरह था। किसान पानी कमी से फसल नहीं उगा पा रहे हैं। 4 से 5 लोग आवेदन भी दे चुके है। रामनिवास साहू पंच प्रतिनिधि ने बताया माइंस सुचारू रूप से चल रहा है। गांव के युवाओं को रोजगार मिलता है, जीवन यापन चल रहा है। उमानंद, जनपद सदस्य ने बताया युवाओं ने अपनी बात रखी। कुछ व्यक्ति रुष्ट नजर आए। गांव के अधिकांश व्यक्ति ने खदान का समर्थन किया।

### दोनों पक्षों को सुना गया

लोक सुनवाई के इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि बुडगहन के गांव में खनन गतिविधियों के प्रारंभ के लिए समर्थन और विरोध दोनों ही मौजूद हैं। प्रशासन ने यह वचन दिया है कि इस मुद्दे पर सभी पक्षों के विचारों को ध्यान में रखते हुए, एक निष्पक्ष और संतुलित निर्णय लिया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान यह भी देखा गया कि यदि सही तरीके से खनन किया जाए और पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जाए, तो यह स्थानीय विकास में योगदान दे सकता है। हालांकि, गांववासियों की चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, और इसलिए इस मुद्दे पर और गहन विचार–विमर्श की आवश्यकता होगी।

# एड्स दिवस पर रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

एड्स दिवस पर वटगन महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में रंगोली व निबंध लेखन प्रतियोगिता रखी गई। इसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने श्रृंखलाबद्ध होते हुए रेड रिबन का सिम्बोल बनाया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपेश देवांगन बीएससी अंतिम, द्वितीय स्थान चितेश्वर प्रसाद साहू बीए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान अनीता नौरंगे बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ललिता एवं साथी, द्वितीय स्थान दाऊलाल साहू एवं साथी एवं तृतीय स्थान वंदना एवं साथी को प्राप्त हुआ। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे, रामप्रकाश जोशी रेड रिबन कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहा.प्राध्या. भूगोलअतिथि व्याख्यातागण उमेश कुमार श्रीवास, डॉ. नोहर सिंह डहरिया, छत्रपाल सिंह राठी, पुष्पा वर्मा, भूमिका साहू, सत्यप्रकाश कुर्रे, कार्यालयीन स्टॉफ एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।



# शीतल का अग्निवीर में चयन ग्रामीणों ने किया स्वागत

**भटगांव।** ग्राम पंचायत बंदारी के शीतल पिता गणेश साहू का अग्निवीर में चयन होने पर बंदारी भटगांव प्रथम आगमन पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उनके आते ही आतिशबाजी करते हुये पुष्पमाला पहना एवं तिलक चन्दन लगाकर व मिठाई खिलाकर बाजे गाजे स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान अपने कोच नन्द कुमार साहू ने रेजिमेंट इन्फेंट्री 17 बटालियन फाइटिंग फोर्स का आशीर्वाद लिया। श्री साहू ने कहा कि मेरे द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण गाइडलाइन में शीतल साहू का अग्निवीर में चयनित होने पर बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। मेहनत एवं लगन से अग्निवीर में चयन होने पर हमारे महान रेजिमेंट इन्फेंट्री 17 बटालियन फाइटिंग फोर्स के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगा।

# मानव-श्रृंखला बनाकर छात्रों ने एचआईवी के प्रति लोगों को किया जागरुक

**खरोरा।** स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स जागरूकता पखवाड़ा अंतर्गत मानव–श्रृंखला, पोस्टर और रेड रिबन लगाकर विद्यार्थियों ने एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वाल्मीकि साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक संक्रामक बीमारी है। यह संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संपर्क, संक्रमित रक्त, गर्भावस्था, प्रसव अथवा स्तनपान के दौरान मां से बच्चों में आदि विविध माध्यमों से फैलता है। प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे ने कहा कि एचआईवी वायरस से होता है। यह हमारी प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर करता है। इससे बचने हेतु हमें निर्दिष्ट विविध सावधानियों का ध्यान रखना होगा। इस बीमारी के प्रति समाज को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं से नियमित महाविद्यालय आने तथा पाठ्य–सहगामी विविध गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लेने अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से मिले शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दिल्ली प्रवास पर गए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके दिल्ली आवास में भेंट की। साथ ही केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी शिष्टाचार भेंट कर क्रमशः दोनों से विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।



शिवरतन शर्मा ने दूरभाष पर चर्चा में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की भाजपा सरकार सभी को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मोदी सरकार में मजबूत शिक्षा व्यवस्था का भी निर्माण हो रहा है। सरकार द्वारा लाये गए नवीन शिक्षा नीति से स्कूल कालेज में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। केंद्र की मोदी सरकार अपने सारे विजन पर कार्य कर रही है और इस कार्य का सीधा लाभ डबल इंजन की सरकार होने से हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को प्राप्त हो रहा है।

शिवरतन शर्मा ने नड्डाजी के विषय में बताया कि उनके नेतृत्व में देश के कोने कोने में भारतीय जनता पार्टी मजबूत हो रही है और पार्टी की सदस्यता लगातार बढ़ी है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद रूपकुमारी चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय चन्द्राकर उपस्थित थे।

# स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण आर के पाण्डे संयुक्त संचालक तथा बीएल देवांगन प्राचार्य डाइट रायपुर द्वारा किया गया। जेई व नीट एग्जाम के लिये ऑनलाइन कोचिंग का निरीक्षण किया व परीक्षक अध्यापिका से रसायन विज्ञान से संबंधित प्रश्न एमिनो एसिड, पेप्टाइड बांड, डीएनए, एल्केलाइड्स, हेल्लोअल्काइनस में बांड शिफ्टिंग, सिग्मा पाई बॉन्ड्स, हेल्लोअल्केंस में रिएक्शन पर चर्चा की। इस तरह से अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, जीवविज्ञान व रसायन विज्ञान के व्याख्याताओं से भी विषय से संबंधित व पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की। सभी व्याख्याताओं ने संतोषजनक जवाब दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज व उपप्राचार्य हरीश देवांगन व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला में हुआ आनंद बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेटेमरी में आनंद बाल मेला का आयोजन हुआ। शाला के बाल सभा ने निर्णय अनुसार प्रतिवर्षानुसार यह आयोजन शाला परिसर में हुआ। आनंद बाल मेला में छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान, गुपचुप, चाट, खस्ता, आटा लड्डू, चाय, कॉफी, चिप्स, मुंगोड़ी, बड़ा, समौसा, मुर्रा लड्डू, मिक्चर, पापड़, नड्डा, कटनी, लवंगलता, बिस्किट, खस्ता, फ्रूट जेम बिस्किट, भजिया चटनी, सब्जियां, विभिन्न प्रकार के चना मसाला, पान, बेर, अमरूद आदि की दुकानें आकर्षण का केंद्र रही। आनंद बाल मेला की रूपरेखा प्रधान पाठक वारिश कुमार ने रखा तथा शिक्षक नीलम कुमार, मथामणि साहू ने बाल सभा के छात्रों का उचित सहयोग किया। शिक्षिका नीलम कुमार द्वारा लगाया गया। पानी में सिक्के डालने का स्टाल सभी को लुभा रहा था।



कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति सदस्यों और समस्त पालकों का विशेष योगदान रहा। साथ ही प्रधान पाठक वारिश कुमार शिक्षिका नीलम कुमार के पुत्री और पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के 200 छात्रों को मध्याह्न भोजन के साथ ही साथ पौष्टिक आहार के रूप में भजिया, चटनी, केक, चॉकलेट और केला भी परोसा गया।

### सौरभ दीवान बने डिप्टी कलेक्टर

**बिरकोनी।** जिले के ग्राम



सा लि हा भा टा निवासी डॉक्टर जीसी दीवान व द्रौपदी दीवान के सुपुत्र सौरभ दीवान ने सी जी पी ए स सी की परीक्षा पास कर डिप्टी कलेक्टर का पद हासिल किया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा राज्य लोक सेवा परीक्षा 2023 में सौरभ दीवान का चयन जिला अधिकारी डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ। जिससे पूरे परिवार व समाज में अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। पिता डॉक्टर जीसी दीवान ने बताया कि सौरभ बचपन से ही पढ़ाई के प्रति अनुशासन प्रिय था। इनकी माता द्रौपदी दीवान विकासखंड में शिक्षिका है। डॉक्टर दीवान ने बताया कि सौरभ की प्रारंभिक शिक्षा विद्या ज्योति कुम्हारी एवं उच्च शिक्षा भिलाई इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी दुर्ग से हुआ हैं।

## रुखमणी को मिला अंत्योदय राशन कार्ड, गांव में शराब बिक्री की शिकायत पर होगी कार्रवाई

# संपर्क केंद्र से सुलझने लगी आमलोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन द्वारा संचालित संपर्क केंद्र के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। भाटापारा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 9 के निवासी रुखमणि कोशले ने फोन के माध्यम से अपनी समस्या दर्ज की करायी। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान किया। रुखमणि ने बताया कि उनका पति से तलाक हो चुका है और वे पिछले नौ दस वर्षों से अकेली रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हैं। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान करने की गुहार लगाई, ताकि वे अपने जीवन यापन को सरल बना सकें। उनकी इस समस्या को खाद्य विभाग ने प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई की और उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान किया। राशन कार्ड मिलने पर रुखमणी कोशले ने संपर्क केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र हमारे जैसे जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम छेरकापुर निवासी शैलेन्द्र प्रसाद साहू द्वारा गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की गई, जिस पर सम्पर्क केन्द्र द्वारा आबकारी विभाग से समन्वय स्थापित कर अवैध शराब विक्रेता रोहित टण्डन एवं नारायण साहू पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। शैलेन्द्र प्रसाद साहू ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि नवाचारी पहल के तहत जिले में आम जनता की समस्याओं, मांगों के निराकरण, योजनाओं की जानकारी सहित



सुझाव प्रदान करने के उद्देश्य से संपर्क केन्द्र की स्थापना संयुक्त जिला कार्यालय में की गई है। इसके माध्यम से अब जिलेवासियों को घर बैठे ही अपनी मागों समस्याओं एवं सुझावों के निराकरण सहित योजनाओं संबंधित जानकारी की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें जिले का कोई भी व्यक्ति 92018–99925 फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। न केवल इसमें शिकायत बल्कि रूटिन में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी मुहैया करायी जायेगी। इसके लिए बकायदा रूटिन में अधिकारी कर्मचारियों की विभागावार ड्यूटी भी लगायी गई है, जो भी शिकायतें दर्ज करायी जाती है, उनका लगातार मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें अलग से समय सीमा में दर्ज की जाती है।

